WINNER GROUP OF COMPANIES
WINNER CREDIT CO-OPRATIVE SOCIETY LIMITED
REGD. OFFICE : WINNER HOUSE, C-24, SECTOR-12 NOIDA-201301 U.P.



NEWS TODAY Update

युवराज

# न्यूज़ टुडे

RNI:- BIHHIN05409

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

आपकी आवाज़

newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

वर्ष : 06 अंक : 07+17 तिथि : 18 अप्रैल 2020 मूल्य : नि:शुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830


# न्यूज़ टुडे लॉक डाऊन स्पेशल रोजाना अंक

**न्यूज टुडे एक्सक्लूसिव :**

## दक्षिण दिल्ली में हजरत निजामुद्दीन स्थित तब्लीगी मरकज में मार्च महीने आने वाले 1200 जमातियों की रिपोर्ट अब तक कोरोना पॉजिटिव



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया समूह



दक्षिण दिल्ली में हजरत निजामुद्दीन स्थित तब्लीगी मरकज में मार्च महीने आने वाले 1200 जमातियों की रिपोर्ट अब तक कोरोना पॉजिटिव आ चुकी है। उत्तर प्रदेश सहित सभी राज्य सरकारें लगातार इस मामले की जानकारी दिल्ली पुलिस से साझा कर रही हैं।

क्राइम ब्रांच के सूत्रों के मुताबिक 28 मार्च से पहले देश के विभिन्न राज्यों में गए जमातियों के बारे में दिल्ली पुलिस को जानकारी मिली है। इसमें जो भी जमाती कोरोना पॉजिटिव आ रहे हैं, उनकी सूचना दिल्ली पुलिस को दी जा रही है।

यहां पर बता दें कि मामला सामने आने पर 28 से 31 मार्च के दौरान तब्लीगी मरकज से 2300 जमाती निकाले गए थे। इसके बाद दिल्ली के विभिन्न मुस्लिम बाहुल्य इलाकों, मस्जिद व मद. रसों में छिपे करीब 1300 जमातियों को दिल्ली पुलिस ने ढूंढ़ निकाला था। इनमें जो कोरोना पॉजिटिव मिलने उन्हें भर्ती करा दिया गया था।

अन्य सभी को क्वारंटाइन किया गया है। उधर संभल, उत्तर प्रदेश से पुलिस ने दिल्ली पुलिस को जानकारी दी कि जमात में शामिल होकर वहां पहुंचे 6 जमाती पॉजिटिव मिले हैं। मुरादाबाद पुलिस ने बताया कि वहां पहुंचे 8 लोग पॉजिटिव मिले हैं। तीन मई को समर्पण कर सकता है साद तब्लीगी मरकज मामले में फरार चल रहे मौलाना मुहम्मद साद व अन्य छह मौलाना समर्पण कर सकते हैं। दरअसल यह सभी लोग 28 मार्च को मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद से ही क्राइम ब्रांच के हाथ नहीं लगे है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक अब साद ने बिचौलिये के माध्यम से दिल्ली पुलिस को सूचना भेजी है कि वह 3 मई साथियों के समर्पण कर देगा। हालांकि, दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने इस तरह की जानकारी से इन्कार किया है। पहले ऐसा माना जा रहा था कि 14 अप्रैल के बाद पुलिस इन सातों को गिरफ्तार कर लेगी।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम पर जगह-जगह हो रहे हमले के मामले में नालंदा व दरभंगा में जनता दल यूनाइटेड के एक नेता सहित तीन लोग गिरफ्तार



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया समूह



बिहार में कोरोना के सर्वे में लगी महिला स्वास्थ्यकर्मियों की टीमों पर नालंदा व दरभंगा में हमले हुए हैं। इस सिलसिले में जेडीयू नेता सहित तीन को गिरफ्तार किया गया है। उनपर महिला स्वास्थ्यकर्मियों से बदसलूकी का आरोप है। दरभंगा में तो सर्वे के लिए गईं महिला स्वास्थ्यकर्मियों की साड़ी भी फाड़ दी गई। बिहार में ऐसी और भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय की सख्त चेतावनी भी बेअसर साबित हो रही है।

### नालंदा में नर्स व सेविका से बदसलूकी में जेडीयू नेता गिरफ्तार

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कोरोना संकट को दूर करने के लिए दिन–रात एक किए हुए हैं, लेकिन उनकी पार्टी के ही कुछ नेता उनके मंसूबे पर पानी फेरने में लगे हैं। नालंदा के सिलाव नगर पंचायत क्षेत्र की वार्ड संख्या छह में घर–घर स्क्रीनिंग में लगी नर्स (एएनएम) व आंगनबाड़ी सेविका के साथ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के मंडल अध्यक्ष सतेंद्र चौधरी ने बदसलूकी करते हुए उन्हें खदेड़ दिया। बाद में पुलिस ने जेडीयू नेता को गिरफ्तार कर लिया।

### खदेड़ दिया, भागकर बचाई जान

मिली जानकारी के अनुसार सिलाव नगर पंचायत वार्ड छह में बाइपास के समीप सर्वे में तैनात सेविका रेणु कुमारी एवं एएनएम माधुरी कुमारी को खदेड़ दिया गया। दोनों ने पास के एक घर में छिप कर जान बचाई। उन्होंने वरीय अधिकारियों को घटना की सूचना दी। इसके बाद थानाध्यक्ष मनोज कुमार, सीडीपीओ कविता कुमारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पहुंचे। पुलिस ने वहां सर्वे का विरोध कर रहे सिलाव नगर मंडल युवा जेडीयू अध्यक्ष सतेंद्र चौधरी एवं एक अन्य मुकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### गाली–गलौज व मारपीट का आरोप

नर्स एवं सेविका ने बताया कि वे जैसे ही मुकेश कुमार के घर के दरवाजे पर गईं, सतेंद्र चौधरी आ धमका और बिना उनकी अनुमति के सर्वे को लेकर आपत्ति जताई। जब उसने रजिस्टर मांगा तो नहीं दिया। इसके बाद वह गाली–गलौज करने लगा तथा मारपीट करने का प्रयास किया।

### दरभंगा में आशा कार्यकर्ताओं पर हमला: बदसलूकी, साड़ी फाड़ी

शुक्रवार को दरभंगा में भी सर्वे में लगीं आशा कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया। घटना दरभंगा के चंदन पट्टी और भालपट्टी मोहल्लों में सर्वे के दौरान हुई। वहां अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने कुछ लोगों ने आशा कार्यकर्ताओं के साथ बदसलूकी की तथा उनके कागजात फाड़ दिए। आशा कार्यकर्ताओं के अनुसार उनके कपड़े भी फाड़ दिए गए। आशा कार्यकर्ता वहां बाहर से आए लोगों की जानकारी जुटा रहीं थीं। प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि सिन्हा व एसडीपीओ अनोज कुमार ने बताया कि घटना के सिलसिले में एक व्यक्ति को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया है।

### औरंगाबाद व मोतिहारी में भी हो चुके हमले

विदित हो कि इसके पहले औरंगाबाद के गोह थाना क्षेत्र के एकौनी गांव में भी ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की टीम पर हमला कर दिया था। उधर, मोतिहारी में भी कोरोना को ले जागरूक करने गए अधिकारियों पर हमले में बीडीओ घायल हो गए थे।

### सरकार सख्त, डीजीपी का भी रूख कड़ा, पर हो रहीं घटनाएं

ऐसी घटनाओं को बिहार सरकार ने गंभीरता से लिया है। बिहार के डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय ने भी बुधवार को कहा कि ऐसा करने वालों के नाम गुंडा रजिस्टर में डाले जाएंगे तथा उन्हें जेल में सड़ा देंगे। शुक्रवार को डीजीपी ने ऐसे असामाजिक तत्वों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाने की भी घोषणा की। लेकिन ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं।

### बिहार में अभी तक मिल चुके 85 कोरोना पाजिटिव मरीज

विदित हो कि बिहार में कोरोना का संक्रमण लगातार फैल रहा है। अभी तक संक्रमण के कुल 85 मामले सामने आ चुके हैं। दो कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौत भी हो चुकी है।

## कोरोना ने बदला इतिहास, पहली बार रमजान के दिनों में तरावीह (नमाज) घर पर ही पढ़ा जाएगा, देश के सभी बोर्ड ने एकजुट होकर लिया फैसला



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
न्यूज टुडे मीडिया समूह



कोरोना ने सचमुच इतिहास बदल दिया है। एक तरफ जहां मंदिर, गिरिजाघर और मस्जिद में इबादत बंद है। वहीं पहली बार रमजान के दिनों में तरावीह (नमाज) घर पर ही पढ़ा जाएगा। वक्फ बोर्ड के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है कि देश के सभी बोर्ड ने कोई एकजुट फैसला लिया है।

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी से चर्चा के बाद सभी बोर्ड नेअपने तहत आने वाले लगभग सात लाख मस्जिदों और इबादतगाहों को इसका निर्देश दिया है। रमजान 24 अप्रैल से शुरू हो रहा है।

### नकवी ने फेक न्यूज को लेकर किया सतर्क

कोरोना में शारीरिक दूरी को ध्यान मे रखते हुए यूं तो नकवी ने पहले ही इसकी तैयारी कर ली थी। गुरुवार को उन्होंने सभी से अफवाह फैलाने वाले फेक न्यूज को लेकर ज्यादा सतर्क किया। दरअसल पिछले दिनों विशेष कर मुस्लिम समुदाय के बीच इस तरह के संदेश फैलाए गए हैं कि आइसोलेशन सेंटर में उन्हें प्रताड़ित किया जाता है।इसी कारण कुछ इलाकों में डाक्टरों पर लोगों ने पथराव भी किया।


### मानसिक स्तर पर रहें सचेत

नकवी ने सभी वक्फ बोर्ड से अपील की कि वह नीचे तक पूरी स्पष्टता से यह संदेश पहुंचाएं कि स्वास्थ्यकर्मी, सुरक्षाबल, सफाईकर्मी सभी अपनी जान की परवाह छोड़कर हमारी चिंता कर रहे हैं। अगर किसी तरह का गलत संदेश सोशल मीडिया पर दिखता है तो तत्काल पुलिस के ध्यान मे लाएं ताकि वह उसका भंडाफोड़ कर सकें। बीमारी किसी संप्रदाय को देखकर उसे नहीं दबोचती है और सरकार जाति धर्म जाने बगैर बीमार को दुरुस्त करने में जुटी है। इसके लिए जरूरी है कि मानसिक स्तर पर सभी सचेत रहें और सामाजिक व राष्ट्रीय कर्तव्य को ध्यान में रखते हुए जरूरी दिशा निर्देशों का पालन करें।

## बिहार में शुक्रवार की देर रात दो और कोरोना संक्रमितों के मिलने से राज्य में कोरोना पॉजिटिव मामलों का आंकड़ा 85, दो लोगों की मौत



आशीष राज,
स्थानीय संपादक, न्यूज टुडे









बिहार में शुक्रवार की देर रात दो और कोरोना संक्रमितों का पता चला। इसके साथ राज्य में अभी तक मिले कोरोना पॉजिटिव मामलों का आंकड़ा 85 हो गया है। इनमें दो की मौत हो चुकी है। शुक्रवार तक राज्य में कुल 9543 सैंपल की जांच की जा चुकी है। बीते चार दिनों की बात करें तो बुधवार से शनिवार तक बिहार में कोरोना के 19 नए मामले मिल चुके हैं।

### शुक्रवार को मिले कोरोना के दो नए मरीज

शुक्रवार को राज्य के छह अलग–अलग सरकारी कोरोना जांच लैब में कुल 709 सैंपल की जांच की गई। देर रात जारी इसकी रिपोर्ट में स्वास्थ्य विभाग ने दो कोरोना पॉजिटिव की पहचान की जानकारी दी। इनमें एक व्यक्ति नालंदा के बिहारशरीफ का तो दूसरा बेगूसराय का है। नालंदा से मिला 17 साल का कोरोना पॉजिटिव किशोर बुधवार को मिले कोरोना पॉजिटिव मरीज का भतीजा है। बेगूसराय के जिस 42 साल के पुरुष की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, वह मंसूरचक का रहने वाला है। वह कोरोना प्रभावित के संपर्क में आया था।

### राज्य में अभी तक 9543 सैंपल की जांच

शुक्रवार को राज्य के चार कोरोना लैब में कुल 709 सैंपल की जांच की गई। इनमें आरएमआरआइ में 509, पटना के आइजीआइएमएस में 65, पीएमसीएच में 33, और एम्स में 27 सैंपल की जांच की गई। पटना के बाहर के कोरोना लैब दरभंगा के डीएमसीएच में 50 तथा मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में 25 सैंपल जांचे गए। इनमें दो पॉजिटिव केस मिले। राज्य में अभी तक 9543 सैंपल की जांच हो चुकी है, जिनमें 85 पॉजिटिव केस मिल चुके हैं। इनमें 37 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। जबकि, दो लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

### दो मरीजों की मौत, दोनों एम्स में

राज्य में कोरोना का पहला मामला 21 मार्च को मिला था। तब पटना एम्स में मुंगेर के रहने वाले पहले कोरोना संक्रमित की मौत हो गई थी। राज्य के दूसरे कोरोना संक्रमित की मौत भी शुक्रवार को एम्स में ही हुई। वह वैशाली का रहने वाला था।


बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की ख़बर के साथ अपनी ख़बर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
A unit of Yuvaraj Media Entertainment
Contact for News & Advt.: 9471005272, 8210595830


## कोरोना से मौत के बाद अपनों की 'आग' तक नसीब नहीं हुई, बांसघाट पर डोमराजा ने पीपीई किट पहनकर शव को मुखाग्नि दी



रिंकू गिरी,
स्थानीय संवाददाता, न्यूज टुडे



मौत बेरहम तो थी मगर इतनी नहीं। कम से कम अपने लिपटकर रो लेते। मरने वाले को गंगा घाट तक चार लोग कांधा दे देते। अपनों के हाथ मुखाग्नि मिल जाती थी मगर कोरोना से हुई मौत ऐसी नहीं है। शुक्रवार को पटना एम्स में कोरोना से मौत के बाद वैशाली के 37 वर्षीय नवल किशोर राय को अपनों की 'आग' तक नसीब नहीं हुई। बगल के आइसोलेशन वार्ड में निगरानी में रखे गए पत्नी, भाई और बहन अंतिम दर्शन तक नहीं कर सके। उनके आंसू पोंछने वाला भी कोई नहीं था।

### चार लेयर में पैक किया गया शव

संक्रमण के डर से एम्स के डॉक्टरों ने शव को चार लेयर में पैक किया था। शव पर पहले केमिकल लगाया गया फिर कपड़े के कफन से ढका गया और इसके बाद दो लेयर प्लास्टिक की शीट में पैक कर शव को स्वास्थ्य विभाग और थाने की निगरानी में पांच की संख्या में मौजूद स्वजनों को सौंप दिया गया। एम्स के नोडल अधिकारी डॉ नीरज अग्रवाल व दंडाधिकारी इश्तेयाक अजमल ने बताया कि इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आइसीएमआर) की तय गाइडलाइन के अनुसार ही प्रशासन की निगरानी में शव का अंतिम संस्कार कराया गया है।

### बांसघाट पर हुआ अंतिम संस्कार

जिला प्रशासन की मुस्तैदी के बीच नवल किशोर राय के शव का अंतिम संस्कार बांसघाट पर मुख्य सड़क से पांच किला. मीटर दूर गंगा किनारे किया गया। शव वाहन के साथ निजी गाड़ी से नवल के पांच रिश्तेदार बांसघाट पहुंचे तो मगर उन्हें शव जलाने वाले स्थान तक जाने की इजाजत नहीं मिली। इसके अलावा अस्पताल प्रशासन, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी घाट पर मौजूद थे। बांसघाट मोड़ से दो डोमराजा, पंडित और एक रिश्तेदार को प्रशासन ने सैनिटाइज कराने के बाद पीपीई किट पहनाई। बांसघाट पर डोमराजा ने पीपीई किट पहनकर नवल के शव को मुखाग्नि दी।

### दियारा के ग्रामीणों ने शव जलाने का किया विरोध

कोरोना पीडित के शव जलाने को लेकर प्रशासन को दियारा के ग्रामीणों का विरोध भी सहना पड़ा।
शुक्रवार की शाम अंत्येष्टि के लिए लकड़ी की शैया तैयार थी। वाहन के पहुंचते ही शव को उतारकर शैया पर रख भी दिया गया था अभी अंत्येष्टि–कर्म शुरू ही हुआ था कि इस बीच दियारा से कुछ ग्रामीण पहुंच गए और उन्होंने शव जलाने का विरोध किया।

सूचना पर बुद्धा कॉलोनी थानाध्यक्ष रविशंकर सिंह पहुंचे। पुलिस–प्रशासन के अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया और बताया कि इससे आसपास के इलाके में कोई प्रकोप नहीं पड़ेगा। तब वे शांत हुआ। इसके बाद डोमराजा ने मुखाग्नि के लिए एक लकड़ी में आग लगाकर रिश्तेदार के हाथ में दी और फिर उन्हें दो किलोमीटर दूर भेज दिया। इसके बाद उस लकड़ी से डोमराजा ने ही मुखाग्नि दी। शव जलने तक पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी घाट पर मौजूद रहे।

## शहर के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद ने अस्पताल में भर्ती मरीजों-उनके परिजनों, रिक्शा चालकों, बेघर-बेबस तथा लाचार लोगों को बंद भोजन पैकेट उपलब्ध कराने की मुहिम शुरू की



सम्राट, संवाददाता,
न्यूज टुडे : मोतिहारी, बिहार



वैश्विक महामारी कोरोना (कोविड–19) के कारण लॉकडाउन के इस संकट में कोई भूखा नहीं इसके लिए शहर के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद आलोक शर्मा ने अपने दिल के दरवाजे खोल दिए हैं। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों–उनके परिजनों, रिक्शा चालकों, बेघर–बेबस तथा लाचार लोगों को बंद भोजन पैकेट उपलब्ध कराने की मुहिम शुरू कर दी है। इसमें कोरोना से जंग में जुटे योद्धा पुलिस–प्रशासन के जवान, एनसीसी कैडेट, स्वास्थ्यकर्मी, सफाई कर्मियों को भोजन समेत हरसंभव सहायता कराने का संकल्प जताया है। स्थानीय हॉस्पिटल चौक स्थित एसएनएस विद्यापीठ के मुख्य प्रांगण में शुक्रवार को नि:शुल्क भोजनालय एवं मास्क वितरण कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। इस निशुल्क सामुदायिक भोजनालय का उद्घाटन सदर एसडीओ प्रियरंजन राजू, वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रभूषण पांडेय एवं शिक्षक नेता पंचानंद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के पश्चात भोजन एवं मास्क वितरण का कार्य सदर अस्पताल, मोतिहारी एवं मीना बाजार चौक पर किया गया। जबतक लॉकडाउन जारी रहेगा तबतक यह निशुल्क भोजनालय जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरण करता रहेगा। इस मौके पर अस्पताल प्रबंधक विजय झा, प्रधान लिपिक ब्रजभूषण प्रासाद, राकेश सिंह, रिपुरंजन सिंह, नीरज सिंह, रजनीश कुमार सिंह उर्फ बबलू, राजेश कुमार, रमण जी, संटू सिंह, नुरुल इमाम उर्फ बीडीओ मुखिया, नीरज शर्मा, स्वास्थ विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।


Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830